## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 12.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 7 सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मिली मंजूरी, पहली बार डिजिटल माध्यम से दो चरणों में देश की 16वीं जनगणना करने की तैयारी।**
2. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 32,911 किसानों को 15 करोड़ 63 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की हस्तांतरित, झारखंड मिलेट मिशन का नाम झारखंड मडुआ क्रांति किया घोषित।**
3. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप, पांच वर्षों के विभागीय कार्यों की जांच की मांग की**
4. **गिरिडीह में अवैध माइका खनन को लेकर ज़िला प्रशासन ने की छापेमारी, चार गोदामों से करीब 400 टन माइका और उपकरण किए गए जब्त।**
5. **रांची के सेंट जेवियर कॉलेज में 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित होगा तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट, छात्र, शिक्षक और स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ लेंगे हिस्सा।**

****************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगी। श्री वैष्णवव ने कहा कि भारत की जनगणना विश्वय की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यि कीय प्रक्रिया है। इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। श्री वैष्णशव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्य म से डेटा संग्रह किया जाएगा। श्री वैष्ण व ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा। जनगणना 2027 में देश की पूरी आबादी को शामिल किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येनक घर तक जनगणना कर्मी पहुंचेंगे।

****************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने घोषणा की कि झारखंड मिलेट मिशन अब झारखंड मडुआ क्रांति के नाम से जाना जाएगा, जिससे गांवों में मडुआ के बढ़ते उत्पादन और किसानों की स्वीकार्यता को बढ़ावा मिलेगा। रांची स्थित पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने राज्य के 32,911 किसानों को डीबीटी के माध्यम से 15.63 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की। मंत्री ने बताया कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तर्ज पर गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों में 17 लैंप्स–पैक्स केंद्रों के जरिए मडुआ अधिप्राप्ति शुरू की जाएगी।

****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में प्रेसवार्ता कर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी पर गंभीर आरोप लगाते हुए विभाग में पिछले पाँच वर्षों के कार्यों की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि श्री बख्शी को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और उनके प्रभार वाले विभागों में विज्ञापन और होर्डिंग जारी करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ हुई हैं।

****************

केंद्रीय सरना समिति ने डीलिस्टिंग की मांग को लेकर रांची स्थित लोकभवन के पास धरना दिया, जहां धर्मांतरण के विरोध में नारेबाजी के बीच समिति की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा भगत ने प्रतीकात्मक विरोध के रूप में अपना मुंडन कराया। उन्होंने राज्यपाल को मांग पत्र सौंपते हुए केंद्र और राज्य सरकार से डीलिस्टिंग की कार्रवाई तेज करने की मांग की।

****************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजधानी एक्सप्रेस के परिचालन को दो दिन से बढ़ाकर तीन दिन गढ़वा रोड–डाल्टनगंज–लोहरदगा मार्ग से चलाने की स्वीकृति दे दी है, जबकि शेष चार दिन यह ट्रेन हजारीबाग–कोडरमा मार्ग से संचालित होगी। सांसद ने रांची–लखनऊ के लिए नई ट्रेन की मांग तथा कोहरे के कारण बंद रांची–आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को पुनः शुरू करने का अनुरोध भी किया, जिस पर रेल मंत्री ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से पलामू प्रमंडल के यात्रियों की सुविधा में बड़ा सुधार होगा।

****************

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में अवैध माइका खनन और भंडारण के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन के नेतृत्व में चार गोदामों में छापेमारी कर लगभग 400 टन माइका और उपकरण जब्त किए गए, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई गई है। एसडीएम ने बताया कि अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है और आज की छापेमारी में एक गोदाम से 200 टन तथा दो अन्य गोदामों से 70–80 टन माइका बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कारोबारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आम लोगों से भी अवैध खनन की सूचना देने की अपील की।

****************

देवघर एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक जॉय बनर्जी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों की चुनौतियों के बाद अब हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन पूरी तरह सामान्य हो गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए सूचना प्रसारण, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, बैगेज हैंडलिंग और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता सहित सभी सेवाओं को और अधिक सुव्यवस्थित किया गया है।

****************

लातेहार जिले में 15 दिसंबर से पैक्सों के माध्यम से धान की खरीदारी शुरू हो जाएगी।

****************

धनबाद में 2021 के चर्चित लाला हत्याकांड में जिला अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सभी 13 आरोपियों को बरी कर दिया, जिनमें से छह पहले ही आरोपमुक्त हो चुके थे और शेष सात को आज राहत मिली। बचाव पक्ष ने बताया कि गवाहों के मुकरने के कारण आरोप साबित नहीं हो पाए, जिसके बाद अदालत ने सभी को बरी करने का फैसला सुनाया।

****************

राजधानी रांची के संत जेवियर कॉलेज  मे 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट अंसतासीस का आयोजन होगा, जिसमें गीत–संगीत से भरपूर कार्यक्रमों में छात्र, शिक्षक और स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। आज एक प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के समन्वयक जॉय चौधरी ने जानकारी कि पांच वर्षों बाद आयोजित हो रहे इस फेस्ट में छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शित होगी।

********समाप्त*********